Sixteenth Loksabha

an>

Ttile: Regarding operation of train No. 78818 -laid.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): मेरे लोक सभा क्षेत्र कांकेर, छत्तीसगढ़ में कांकेर जिले के अंतर्गत भानुप्रतापपुर से दुर्ग तक ट्रेन संख्या - 78818 का परिचालन 14 अप्रैल, 2018 से हो रहा है, जो भानुप्रतापपुर से 13.15 से छूटकर 16.20 बजे दुर्ग पहुंचती है। दुर्ग से दूसरी मेमू ट्रेन 17.00 बजे रायपुर के लिए मिलान किया जाता है। वर्तमान में आम जनता, विद्यार्थी, मरीज, व्यापारी, अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग को इस ट्रेन का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है क्योंकि सभी को सुबह अपने राजधानी रायपुर में कार्य होने से जाना पड़ता है। इस ट्रेन से यात्री शाम को रायपुर पहुंचते हैं, जिससे उनको अपना कार्य करने में परेशानी होती है । आम जनता द्वारा इस ट्रेन का परिचालन भानुप्रतापपुर से प्रातः 05.00 से 06.00 बजे के बीच करने के साथ इस ट्रेन को भानुप्रतापपुर से रायपुर और आगे बढ़ाते हुए इसे बिलासपुर तक चलाने का अनुरोध किया है। इससे सभी यात्रियों को राजधानी रायपुर एवं न्यायधानी बिलासपुर, जहां हाईकोर्ट से संबंधित कार्य करने के लिए सीधी ट्रेन सेवा का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही वापसी में शाम को बिलासपुर से भानुप्रतापपुर वाया रायपुर ट्रेन का परिचालन किया जाये, जिससे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के तीन जिलों कांकेर, नारायणपुर और बालोद की जनता को इसका पूरा लाभ मिल पायेगा।